Title: Re: Provision of 30% Reservation for Haryana in National Design Institute, Kurukshetra.

श्री नायब सिंह सैनी (कुरुक्षेत्र) : सभापति महोदय, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे जीरो-ऑवर में बोलने के लिए समय दिया ।

माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्री पीयूष गोयल जी का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र कुरुक्षेत्र की एक बहुत ही जरूरी मांग की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। कुरुक्षेत्र के गांव अमरीकी ग्राम पंचायत द्वारा वर्ष 2012-13 में 20 एकड़ भूमि राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, कुरुक्षेत्र को दी गई थी। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा लगभग 120 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया और भारत सरकार द्वारा इस संस्थान के निर्माण का कार्य शुरू किया गया।

सर, अब यह बिल्डिंग वर्ष 2022 में बनकर तैयार हो गई है। इस संस्थान का पहला दाखिला सत्र वर्ष 2016-17 में शुरू हो गया था। यह देश का तीसरा और उत्तर भारत का एकमात्र पहला डिजाइन संस्थान है। इस संस्थान में एक भी विद्यार्थी मेरी कुरुक्षेत्र लोक सभा या हरियाणा राज्य का नहीं है।

इसलिए, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, जो मेरी कुरुक्षेत्र लोक सभा में स्थापित है, उसमें हरियाणा के लिए 30 प्रतिशत कोटा निश्चित करने की मैं मांग करता हूं, ताकि मेरी लोक सभा व हरियाणा के बच्चों को इस संस्थान में पढ़ने का अवसर मिल सके।

आदरणीय सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

_

13.00 hrs